# उन्हेल में सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

▸ आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**उन्हेल। नगर के सर्राफा व्यापारी तुषार जैन के साथ विगत दिनों हुई विवाद की घटना को लेकर सर्राफा व्यापारियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में व्यापारियों द्वारा बुधवार को थाना प्रभारी संतोष चौहान, पुलिस थाना उन्हेल को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालू पिता पेमाजी, सूरज पिता कालू एवं गोविन्द पिता पेमाजी, जाति बंजारा निवासी ग्राम बरखेड़ानजीक, पिछले लगभग 20 दिनों से प्रार्थी तुषार जैन के निवास पर आकर विवाद कर रहे थे। उनका आरोप था कि करीब 12 वर्ष पूर्व उन्होंने प्रार्थी की दादी के पास दो किलो चांदी गिरवी रखी थी। जबकि प्रार्थी के अनुसार उनकी दादी का वर्ष 2015 में देहांत हो चुका है तथा इस संबंध में कभी कोई लेन-देन अथवा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 11.30 बजे पुन: उक्त लोग घर पर पहुंचे और चिल्लाचोट व विवाद करने लगे। उस समय प्रार्थी के भाई रितेश उर्फ अरिहंत जैन भी उपस्थित थे। समझाइश देने पर आरोपियों द्वारा कथित रूप से मारपीट की धमकी दी गई। इसी दौरान रितेश उर्फ अरिहंत जैन की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें ब्रेन स्टोक आ गया, जिससे उनके शरीर का एक हिस्सा प्रभावित हो गया। उन्हें तत्काल उज्जैन के अवंतिका अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन हुआ। वर्तमान में उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रार्थी पक्ष का कहना है कि उनका परिवार गिरवी रखने का कोई व्यवसाय नहीं करता है। वर्तमान में चांदी के बढ़ते दामों को देखते हुए पुराने कथित दावे के आधार पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। व्यापारियों ने इसे गंभीर मामला बताते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन सौंपते समय सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारकाधीश सोनी सहित सतीश मारु, दिलीप मेहता, बालकृष्ण गुप्ता, पंकज गुप्ता, शैलेश छाजेड़, लाला ईश्वर सोनी, पवन जैन, अभिषेक जैन, सुशील जैन, हरीश जैन, भावेश जैन, संदीप मेहता, गुलाब जैन, सुनील राठौर, राहुल सोनी, पीयूष गुप्ता, संजय गहलोत सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने प्रशासन से नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# महिदपुर के गंगावाड़ी मेला परिसर में द्वारका मंत्री की भजन संध्या में झूमे भक्त



**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा 103 वां भव्य गंगावाडी मेला (मवेशी) में भजन गायक द्वारका मंत्री देवास की भजन संध्या का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, पार्षद आशा राठौर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य निर्भयसिंह भाटी, जनपद सदस्य रीता बडगुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। जिसके बाद नगर पालिका सीएमओ राजा यादव द्वारा सभी अतिथियों और भजन गायक द्वारका मंत्री का स्वागत सम्मान किया। गणेश वंदना के साथ द्वारका मंत्री ने भजन संध्या की शुरुआत की। जिसके बाद भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते झुमते नजर आए। पत्थर की राधा रानी गीत पर श्रद्धालुओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। देर रात तक बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने द्वारका मंत्री के भजनों का श्रवण किया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भगवान की भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान प्रख्यात कवि दिनेश दिग्गज भी मौजूद रहे।

**27 मार्च को राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन:** नगर पालिका द्वारा गंगावाड़ी मेला परिसर में 27 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली सहित अन्य राज्यों से पहलवान भाग लेंगे। नगर पालिका द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारियां की गई है।

## एक नजर में

### पेप्सिको ने 'रेवोल्यूशनारी' पहल के प्रभाव का विस्तार किया

**उज्जैन.** समावेशी विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, पेप्सिको इंडिया ने मृदा हार्ट एन सॉइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में ग्रामीण भारत में महिला-केंद्रित कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है. पेप्सिको इंडिया की 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' फिलॉसफी पर आधारित इस पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और दादरा एवं नगर हवेली सहित पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 272 गांवों में 55,000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई गई है, जिससे स्थानीय परिस्थितियों पर आधारित टिकाऊ आजीविका को समर्थन मिला है. इस पहल पर यशिका सिंह, चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर एवं सस्टेनेबिलिटी हेड, पेप्सिको इंडिया और साउथ एशिया ने कहा पेप्सिको इंडिया में हमारा मानना है कि समावेशी विकास की शुरुआत समुदाय स्तर से होती है, जब महिलाओं को अपने भविष्य को आकार देने के लिए कौशल, आत्मविश्वास और अवसर मिलते हैं.

### किसानों को राहत राशि व मुआवजा तत्काल देने की मांग



**महिदपुर।** प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिला एवं महिदपुर तहसील के विभिन्न गांवों में भारी वर्षा, तेज हवा एवं ओलावृष्टि से गेहूं व अन्य फसलों में भयंकर नुकसान हुआ है जिससे किसान अपनी फसलों की हुई नुकसानी पर बेबस व लाचार दिखाई दे रहे हैं। किसानों को राज्य सरकार तत्काल राहत एवं मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश देवे साथ ही खेती पर आधारित कृषि व अन्य मजदूरों को बेरोजगार होने पर मुआवजा व राहत राशि देकर उनकी बदतर माली हालत सुधारने हेतु सार्थक कदम उठावें ताकि किसान व मजदूरों को संबल प्राप्त हो सकें। उक्त मांग सामाजिक कार्यकर्ता व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने शासन से कर अविलम्ब प्रभावित व हताश, निराश लोगों की मदद करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### रोटरी आशीष ईएनटी सेंटर का शुभारंभ

**इंदौर.** रोटरी इंटरनेशनल के 121वें स्थापना दिवस (रोटरी विश्व दिवस) के अवसर पर रोटरी आशीष ईएनटी सेंटर का शुभारंभ रॉबर्ट्स नर्सिंग होम में रोटरी फाउंडेशन के वैश्विक अनुदान के अंतर्गत किया गया. यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प रोटरी क्लब ऑफ इंदौर यूनाइटेड, रोटरी मंडल 3040 के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसे रोटरी क्लब ऑफ इंदौर रॉयल, रोटरी मंडल 1880- जर्मनी तथा रोटरी मंडल 3292-नेपाल का सहयोग प्राप्त हुआ. प्रकल्प के अंतर्गत स्थापित अत्याधुनिक एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के उपकरण मुख्यत: नाक-कान-गला शल्य चिकित्सा में उपयोग किए जाएंगे, जिससे मरीजों को विशेषज्ञ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार वाजिब दरों पर उपलब्ध हो सकेगा. मुख्य अतिथि रोटेरियन दिलीप मजूमदार एवं रोटेरियन रेवा मजूमदार रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागायुक्त डॉ. सुदामा खाड़े, गोपाल मोदी एवं राजकुमार तख्तानी उपस्थित रहे. इस अवसर पर मंडल गवर्नर 2025-26 रोटेरियन सुशील मल्होत्रा द्वारा रोटरी के 'चतुर्विद मंत्र' प्रचार पॉकेट कार्ड का विधिवत विमोचन किया गया. आईपीडीजी रोटेरियन अनीश मलिक ने प्रकल्प की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी. मंडल रोटरी फाउंडेशन अध्यक्ष नितिन डाफरिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. प्रकल्प संपर्क राजेश मोदी ने प्रकल्प के स्वरूप एवं स्थापित उपकरणों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया. डॉ. चिराग यशलाहा ने बताया कि नवीन उपकरणों के माध्यम से ईएनटी शल्य चिकित्सा अधिक सुरक्षित, सटीक एवं प्रभावी होगी, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त होंगे. इस अवसर पर विशेष रूप से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट संस्कार कोठारी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव गुप्ता एवं कमल भुराडिया आशीर्वाद प्रदान करने हेतु उपस्थित रहे. वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. लाभचंद यशलाहा, डॉ. गुणवती यशलाहा, डॉ. मारु तथा रोटेरियन डॉ. सर्वज्ञ भटनागर सहित चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहीं. रोटेरियन सिम्मी मलिक, किरण मोदी एवं रोमा धमिजा ने अतिथियों का स्वागत किया. संचालन अनिल साबू ने किया. जनसंपर्क प्रमुख रोटेरियन घनश्याम सिंह ने प्रकल्प के महत्व पर प्रकाश डाला.

# प्राच्य प्रकर्ष में विद्यार्थियों ने किया ग्रहशांति विधान का अनुष्ठान

▸ शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में हुआ तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन, राघवेंद्र तिवारी बने सर्वोत्कृष्ट विद्यार्थी




**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन प्राच्य प्रकर्ष का बुधवार को भव्य समापन हुआ। समारोह में कर्मकांड डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने ग्रहशांति विधान का अनुष्ठान संपन्न किया। मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र ने कहा कि संस्कृत ज्ञान-विज्ञान की भाषा है। उन्होंने वैदिक कर्मकांड के वैज्ञानिक पक्ष को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही वर्तमान समय में यज्ञ की उपयोगिता और उसके पर्यावरणीय महत्व पर भी विचार रखे। कुलगुरु ने स्नेह सम्मेलन के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसमें छात्र राघवेंद्र तिवारी को सर्वोत्कृष्ट विद्यार्थी का पुरस्कार प्रदान किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय के डॉ. उपेंद्र भार्गव, डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र और डॉ. संकल्प मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेमंत शर्मा ने किया और आभार डॉ. यश शर्मा ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। यह जानकारी डॉ. ममता मालिक और डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने संयुक्त रूप से दी।

# भगवान एकलिंगनाथ मंदिर, गौशाला और गुरुकुल भूमिपूजन आज

**उज्जैन।** श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण विकास परिषद के तत्वावधान में बड़नगर रोड स्थित ग्राम नलवा पंचक्रोशी पड़ाव-3 में भगवान श्री एकलिंगनाथ जी के भव्य मंदिर, गौशाला एवं गुरुकुल निर्माण का ऐतिहासिक भूमिपूजन समारोह आज 26 फरवरी, गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में धर्म, सत्ता और समाज का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 बजे से होगी। सुबह 8 बजे से 151 जोड़ों, एकल पुरुषों और मातृशक्ति द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन का अनुष्ठान आरंभ होगा। मुख्य अतिथियों द्वारा अभिजीत मुहूर्त में प्रात: 11:45 बजे से दोपहर 12:15 बजे के मध्य मुख्य भूमिपूजन संपन्न किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान के बाद दोपहर 12:15 बजे से 2:00 बजे तक मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

**सीएम और मेवाड़ राजघराने की रहेगी मौजूदगी**

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम में उदयपुर (राजस्थान) के डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, बड़नगर विधायक जितेंद्र पंड्या और उज्जैन नगर पालिक निगम सभापति कलावती यादव विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में मंच साझा करेंगे। इस कार्य में कृष्णधाम (पाली) के महेंद्रानंद गिरि महाराज, राजेश्वरधाम (जोधपुर) के महंत दयाराम महाराज, जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरि, भर्तृहरि गुफा के पीर रामनाथ महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा।

रंगों पर ग्रहण का साया

# 122 साल बाद होलिका दहन के दूसरे दिन नहीं उड़ेंगे अबीर-गुलाल

**उज्जैन।** साल 2026 में होली की तारीख को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। 122 साल बाद ऐसा संयोग बना है जब होलिका दहन के ठीक अगले दिन रंग नहीं खेला जाएगा। इस बार रंगों के त्योहार पर ग्रहण का साया है, जिसके चलते तिथियों में बदलाव किया गया है। उज्जैन के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य वास्तुर्विद फलिताचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के अनुसार, वर्ष 2026 में रंगों की होली (धुलेंडी) 4 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी। वहीं, होलिका दहन 2 मार्च, सोमवार को किया जाएगा।

**क्यों बदली तारीख और शुभ मुहूर्त**

डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि आम तौर पर होलिका दहन के अगले दिन धुलेंडी मनाई जाती है, जो इस बार 3 मार्च को होनी थी। लेकिन इस दिन सिंह राशि में 'खग्रास चंद्र ग्रहण' लगने जा रहा है। ग्रहण के कारण 3 मार्च का दिन 'खाली' रहेगा और इस दिन रंग या गुलाल नहीं खेला जा सकेगा। इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण होने के कारण 2 मार्च को होलिका दहन शाम 6.34 बजे से रात 9.03 बजे तक किया जाएगा। वहीं 3 मार्च को सूतक सुबह 9.53 बजे से शुरू होगा, जबकि ग्रहण दोपहर 3.20 बजे से प्रारंभ होकर मध्य 5.04 बजे और मोक्ष शाम 6.46 बजे होगा। अत: 2 मार्च को होलिका दहन के बाद एक दिन छोड़कर 4 मार्च को रंगों का उत्सव मनाया जाएगा।

# गंभीर और निर्धन रोगियों को मिल रहा नि:शुल्क उपचार

**उज्जैन। तीर्थ नगरी में चल रहे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर में असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से त्वरित लाभ मिल रहा है। महाकाल वन मेला 2026 (जबलपुर) में प्रथम पुरस्कार विजेता वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने मानवता के आधार पर कई निर्धन रोगियों का निशुल्क उपचार किया।**



नगरकोट निवासी आर्थिक रूप से कमजोर और तीन पुत्रों को खो चुकी लीला बाई गंभीर दर्द और शुगर से पीड़ित थीं। वैद्य ने उन्हें नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराई, जिससे वे अब चलने-फिरने में सक्षम हैं। उनके लकवाग्रस्त पुत्र का इलाज भी वैद्य द्वारा नि:शुल्क करने का आश्वासन दिया गया है।

**एक खुराक में दर्द से राहत:** जन्म से दोनों पैरों से दिव्यांग और शुगर से पीड़ित अली मोहम्मद को भी वैद्य ने नि:शुल्क औषधियां प्रदान कीं। अली ने बताया कि वे दर्द से बेहद परेशान थे, लेकिन अब उन्हें राहत है।

गांधी नगर, नानाखेड़ा के रहवासी अजय प्रजापत मेरुदंड (रीढ़ की हड्डी) और कमर दर्द से पिछले 6-7 माह से परेशान थे, 23 फरवरी को दी गई मात्र एक दिन की दवा से पूर्ण आराम मिला है।

**▸ नाड़ी देखकर रोगों का सटीक निदान**

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल पिछले 25 वर्षों से बिना किसी जांच रिपोर्ट के केवल नाड़ी देखकर रोगों का निदान कर रहे हैं। शिविर में गठियावात, बवासीर, पथरी, थायराइड, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, सोरायसिस, सफेद दाग, और स्त्री-पुरुषों के गुप्त रोगों का उपचार किया जा रहा है। पेट की गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जोशी नामक मरीज ने बताया कि उपचार के बाद उनकी आंतों की सूजन और कमजोरी दूर हो गई। वहीं, सिंधी कॉलोनी निवासी शालिनी के पैरों का गैंग्रीन और शुगर एक सप्ताह के इलाज से नियंत्रित हो गया है। मरीजों की बढ़ती संख्या और जनता की मांग को देखते हुए नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने शिविर की अवधि 5 दिन बढ़ा दी है। क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास जायसवाल धर्मशाला में चल रहा यह शिविर अब 1 मार्च तक जारी रहेगा। उज्जैन में अत्यधिक दबाव के कारण 25 से 30 फरवरी तक इंदौर में प्रस्तावित शिविर को निरस्त कर दिया गया है। वैद्य ने इंदौर के मरीजों से 60 किलोमीटर दूर उज्जैन आकर ही लाभ लेने की अपील की है।

# उज्जैन की प्रतिभा : डॉ. जुबैर अहमद का एमडी मेडिसिन के लिए चयन



**उज्जैन।** शहर के युवा चिकित्सक डॉ. जुबैर अहमद ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नीट पीजी परीक्षा में सामान्य श्रेणी के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर 5209वीं रैंक हासिल करने पर उनका चयन एमडी (मेडिसिन) के लिए हुआ है। डॉ. जुबैर ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा में प्रवेश सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि पर माधव महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। महाविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने डॉ. जुबैर का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि डॉ. जुबैर माधव महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रफीक नागौरी के पुत्र हैं।

एक नजर | राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत सात दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे विद्यार्थी

# बौद्धिक सत्र के साथ शिविर का शुभारंभ, लक्ष्य गीत सामूहिक गान किया

**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर भवानी माता मंदिर परिसर गांव नजरपुर में 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शिक्षिका डॉ. प्रियंका चौबे ने बताया कि मेरे भारत के लिए युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आधारित शिविर मे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न बौद्धिक परीक्षण दिया जा रहा है इसी के साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य हेतु खेलकूद, साफ़ सफाई, विभिन्न करियर मार्गदर्शन, रोगों से मुक्ति आदि गतिविधियों में भी विद्यार्थी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्षमता एवं नेतृत्व क्षमता सिखाने के उद्देश्य शिविर में शिविर नायक एवं समूह नायक के साथ ही स्वयंसेवकों के विभिन्न समूह एवं समितियां बनाई गई। बौद्धिक सत्र के साथ शिविर शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य




अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद, विशेष अतिथि भवानी माता मंदिर पुजारी, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि थे। सुगना मालवीय को अध्यक्ष एवं राजपाल ठाकुर को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती की वंदना स्वयंसेविका किरण चौधरी एवं आयुषी द्वारा की गई। विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत सामूहिक गान किया गया। स्वागत भाषण, अतिथि परिचय, तथा सप्त दिवसीय विशेष शिविर योजना का प्रस्तुतीकरण एवं कार्यक्रम संचालन श्यामलाल चौधरी द्वारा किया गया तथा आभार शिविर नायक लाखन सिंह पंवार ने व्यक्त किया। खेल में प्रथम स्थान किरण चौधरी ने, द्वितीय स्थान शीतल ने, तृतीय स्थान अभिषेक मालवीय ने प्राप्त किया।